**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# हरिद्वार कुंभ हर हाल में होगा किसी कीमत पर नहीं होगा निरस्त

**बैठक**

■महंत हरी गिरी समेत सभी 13 अखाड़ों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया

## अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से किया तय



**संवाददाता**

हरिद्वार। हरिद्वार में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि हरिद्वार कुंभ हर हाल में होगा। इसे किसी कीमत पर निरस्त नहीं किया जाएगा।

बुधवार को बैठक में परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरी, महामंत्री महंत हरी गिरी समेत सभी 13 अखाड़ों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के बाद अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महंत नरेंद्र गिरि और महामंत्री महंत हरि गिरि ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से तय किया कि हरिद्वार कुंभ हर हाल में होगा। इसे किसी कीमत पर निरस्त नहीं किया जाएगा। कोरोना संक्रमणकाल को देखते हुए इसके स्वरूप को बड़ा या छोटा करने का निर्णय फरवरी में लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद के पूर्व प्रमुख स्वर्गीय अशोक सिंघल को भारत रत्न देने की सिफारिश का प्रस्ताव भी अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद पारित किया। बताया कि बैठक में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के साथ 28 अगस्त को देहरादून में होने वाली बैठक के एजेंडे पर भी चर्चा की गई। संतो ने पांच सूत्री मांग को अंतिम रूप दिया गया। एजेंडे को कुंभ मेले अधिष्ठान के माध्यम से मुख्यमंत्री के पास भिजवा दिया गया।

गौरतलब है कि कोरोना संकट ने अर्थव्यवस्था को पटरी से उतारने के साथ ही निर्माण कार्यों की गति पर ब्रेक लगाया है। हरिद्वार में अगले साल होने वाले कुंभ की तैयारियों के मद्देनजर चल रहे निर्माण कार्य भी लॉकडाउन से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। ऐसे में इन्हें गति देना सरकार के सामने बड़ी चुनौती है। हालांकि, अब निर्माण सामग्री की उपलब्धता की तो दिक्कत नहीं है, मगर काम करने वाले हाथों की कमी ने पेशानी पर बल डाले हुए हैं। जिस तरह के हालात हैं, उसे देखते हुए कुंभ मेला कैसे आयोजित होगा इसे लेकर चिंता कम होने का नाम नहीं ले रही।

हरिद्वार में अगले साल होने वाले कुंभ के लिए कुछ माह का ही वक्त बचा है, मगर कुंभ मेले की तैयारियों के मद्देनजर चल रहे निर्माण कार्यों पर कोरोना संकट का ग्रहण लगा है। हालांकि, सरकार ने पूर्व में हरिद्वार कुंभ मेले के लिए स्वीकृत किए गए 450 करोड़ रुपये की लागत वाले स्थायी और अस्थायी प्रवृत्ति के निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए जुलाई तक का वक्त नियत किया था, मगर बदली परिस्थितियों में ऐसा होना मुश्किल है।

## न्यूज डायरी

### मुख्यमंत्री व राज्यपाल ने दुख जताया

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले के चैसर गांव के मटखानी में बीते शुक्रवार को हुई मकान की नीचे दबे तीन लोगों की मौके पर हुई मौत के मामले पर राज्य के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत व राज्यपाल बेनी मौर्य ने गहरा दुख जताने के साथ शोक प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने मृत्तक के परिवार की पत्नी को इस दुखद घड़ी में साहस बंधाकर दुख सहने की संवेदना प्रकट की है। मुख्यमंत्री ने मृत्तक की पत्नी निधि को आपदा राहत के तहत चार लाख का मुआवजा राशि दिये जाने की जानकारी जिला प्रशासन को दी है। जिले के तमाम जन संगठनों ने इस दुखद घटना पर शोक जताया है।

### कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में फॉरेस्ट गार्ड पर बाघ ने किया हमला, बचाई जान

**संवाददाता** रामनगर। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में गश्त कर रहे वनकर्मियों की सुरक्षा खतरे में हैं। बिजरानी जंगल में बुधवार को साथियों के साथ गश्त कर रहे एसटीपीएफ के कर्मचारी पर बाघ ने हमला कर दिया। हवाई फायरिंग कर वनकर्मियों ने उसे बाघ के चंगुल से छुड़ाया। घायल वनकर्मी का निजी हॉस्पिटल में उपचार चल रहा है।

फुलताल बीट में फॉरेस्टर नवीन चंद्र पपनै वन कर्मी भुवन चंद्र पांडे, एसटीपीएफ के गोपाल अधिकारी, हिम्मत सिंह, सतेंद्र सिंह, रमेश सिंह गश्त पर थे। वनकर्मी एक साथ आगे पीछे चल रहे थे। इसी बीच झाड़ी से निकलकर अचानक आए बाघ ने बीच में चल रहे गोपाल अधिकारी पर हमला कर उसे नीचे गिरा दिया। बाघ के चंगुल में फंसे साथी को छुड़ाने के लिए नवीन पपनै ने हिम्मत दिखाते हुए बिना समय गंवाए बंदूक से हवाई फायरिंग की।

### आरआईसीएस स्कूल ऑफ बिल्ट एनवॉयरमेंट ने 2020 के नए सेशन की घोषणा की

**संवाददाता** देहरादून।एमिटी यूनिवर्सिटी के आरआईसीएस स्कूल ऑफ बिल्ट एनवॉयरमेंट ने नोएडा और मुंबई कैंपस के नए बैच के स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाइन मोड में शैक्षिक सत्र 2020–21 के लिए 1 सितंबर 2020 से क्लासेज शुरू करने की घोषणा की है। यूनिवर्सिटी ने नए सेशन की शुरुआत के लिए 1 सितंबर 2020 की तारीख की घोषणा की है। आरआईसीएस एसबीई ने ऑनलाइन सेशन कंडक्ट करने के लिए कोरोना बचाव संबंधी जरूरी मौजूदा दिशा–निर्देशों पर अमल करने की पूरी तैयारी कर ली है। आरआईसीएस स्कूल ऑफ बिल्ट एनवॉयरमेंट सेशन तब तक ऑनलाइन चलाएगा, जब तक नोएडा और मुंबई कैंपस में छात्रों को फिजिकली मौजूद होने की मंजूरी नहीं दी जाती। संस्थान के पास कैंपस में छात्रों का स्वागत करने के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर है।

## प्रधान संघ ने की पेयजल निर्माण कार्यो में खुली निविदाएं लगानें की मांग

**संवाददाता** पुरोला। जल जीवन मिशन योजनातर्गत ग्राम पंचायत में पेयजल लाईनों के निर्माण कार्यो में खुली निविदाएं लगाने की मांग को लेकर पुरोला प्रधान संगठन ने बुधवार को उपजिलाधिकारी पुरोला सोहन सिंह सैनी के माध्यम से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित को ज्ञापन भेज कर खुली निविदाएं लगाने की मांग को संबंधित विभागों को निर्देश जारी करने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश भर का प्रधान,क्षेत्र पंचायत संगठन जल संस्थान,जल निगम व स्वजल विभागों में शासन के निर्देशों के अनुसार जल जीवन योजनातर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में कराये जाने वाले पेयजल निर्माण कार्यो के संपादन को निविदाएं आमंत्रित न कर सीधे प्रधानों व क्षेत्र पंचायतों से करानें की मांग की जा रही है। ठेकेदार संगठन प्रदेश के पेयजल समेत लोनिवि,

**प्रधान संगठन ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी**

सिंचाई, पीएमजीएसवाई आदि तमाम निर्माणदाई संस्थाओं में निविदाओं के आधार पर कार्य करते हैं जबकि शासनादेश के अनुसार प्रत्येक विभाग में निर्माण निविदाओं के साथ ही लाखों रूपये जीएसटी कटता है अब जबकि प्रधान व पंचायत संगठन जल जीवन मिशन के अंर्तगत जल संस्थान,जल निगम व स्वजल विभागों में पेयजल निर्माण बगैर निविदाओं के करानें की मांग कर रहे हैं ऐसी स्थिति में तमाम विभागों में पंजीकृत ठेकेदार जिनका प्रत्येक वर्ष लाखों रूपये जीएसटी कटता है बेरोजगार हो जायेंगे।

उपजिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन देने वालों में संगठन अध्यक्ष मदन नेगी,मोहब्बत सिंह नेगी,मोहन सिंह, सुनील कुमार,रमेश पैन्यूली, जयवीर सिंह, मोहन लाल आदि ठेकेदार मौजूद थे।

## संस्कृत भाषा संस्कारों के साथ साथ रोजगार की जननी भी

**संवाददाता** पुरोला। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार के तत्वावधान में बुधवार को गुगल एप के माध्यम से (संस्कृत क्षेत्रे आजीविकायाः साधनानी ) संस्कृत भाषा संस्कारों के साथ–साथ आजीविका की भी जननी है विषयक एक दिवसीय विद्वत गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी में दो दर्जन से अधिक विद्वानों ने संस्कृत, संस्कार व संस्कृत के माध्यम से जीविकोपार्जन का साधन आदि पर चर्चा की। गोष्ठी में संस्कृताचार्य डा. संजीव भट्ट ने संस्कृत के मूलाधार को मानव जीवन की सुरक्षा,दृढ इच्छाशक्ति, आत्मबल व संस्कारित वातावरण के साथ ही रोजगार के रूप में अपनाने समेत हर प्रकार के संकट में जूझनें की शक्ति देनेवाला बताया वहीं नई शिक्षा नीति पर चर्चा करते हुए डा.रामभूषण विजल्वाण ने संस्कृत की उपादेयता के बारे में बताते हुए कहा कि संस्कृत हमारी देववाणी है जिसका सम्मान आज विदेशों में भी कई देशों में हो रहा है। वहीं अमेरिका,रूस,इंग्लैंड जापान आदि देशों के विद्वान व विभिन्न भाषाओं के जानकार भी देववाणी संस्कृत भाषा समेत गीता जैसे भारतीय ग्रंथों पर रिसर्च कर रहे हैं जोकि भारतीयों के लिए गौरव का विषय है।

डा. नरेंद्र पांडेय व कमल संस्कृत विद्यालय पुरोला के प्राचार्य शिवप्रसाद नौटियाल ने संस्कृत भाषा को दुनियाभर की सभी भाषाओं,संस्कारों,ग्रंथों की जननी बताते हुए संस्कृत को कंप्यूटर भाषा के रूप में अपना कर गणना व जानकारी के माध्यम से रोजगार से जोडा जा सकता है।

## तीन साल बीत चुके मगर दिव्यांग का नही बन पाया आधार कार्ड

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। जिले में सरकारी योजनाओं का लाभ केवल कागजों तक सीमित रह गया है। जानकारी के मुताबिक पिथौरागढ़ से लगे विकासखंड मूनाकोट के दोबांस क्षेत्र के मेलपुखर गांव निवासी चन्द दत्त जोशी बेहद गरीब परिवार से है। उनकी चौतीस साल की बेटी चन्द्रकला सौ प्रतिशत दिव्यांग है। सरकारी नियमों के अनुसार उसका दिव्यांग प्रमाण पत्र भी तैयार है। तीन साल बीत चुकने के बाद भी इस दिव्यांग का आज तक आधार कार्ड नही बन पाया है। वही इस दिव्यांग को दिव्यांग पेंशन समेत अन्य सरकारी योजनाओं का कोई

**दिव्यांग पेंशन समेत अन्य जरूरी सरकारी योजनाओ के लिए परेशान है दिव्यांग**

लाभ तक नही मिल सका है। चन्द्रकला के हाथ की अंगुलिया और पैर की अंगुलियां तक नही है। उनकों दोनों आखों से ठीक से दिखाई भी नही देता है। मां के देहांत के बाद से दनकी देख रेख का जिम्मा भी पिता के जिम्मे है। पिता की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। उनके घर से सडक तक की दूरी दो किमी है। उनके पिता के सामने सबसे बड़ी मजबूरी अपने साथ अपनी दिव्योग बेटी चंद्रकला के लिए भरण पोणण की है। इस मामले में कई बार राजस्व उपनिरीचक प्रवीण कुमार के माध्यम से जिला प्रशासन को अवगत करा दिया है मगर आज तक दिव्यांग के घर आधार कार्ड बनाने के लिए न तो कोई टीम पहुंची है और न समाज कल्याण का कोई सरकारी नुमांइदा उनकी कुशल छेम लेने पहुंचा है। वही दूसरी ओर पीड़ित परिवार की दर्द भरी कहानी का निपटारा करने कोई भी सरकारी नुमाइंदा नही पहुंच पाया है। रहा सवाल दिव्यांग चन्द्रकला को मिलने वाली सरकारी योजनाओं का उनको आज भी इंतजार है। इस मामले पर चन्द्रकला के पिता ने शासन प्रशासन से एक बार फिर मदद की गुहार लगाई है कि उनकी बेटी चन्द्रकला जो कि सौ प्रतिशत दिव्यांग हो चुकी है कम से कम उसको कुछ तो मदद मिल पाये।

## चैम्पियन के निलंबन और नेगी के गिरफ्तारी को लेकर नैनीताल में आप का प्रदर्शन

**संवाददाता** नैनीताल। खानपुर विधायक कुंवर प्रणव चैंपियन की भाजपा में वापसी और महेश नेगी प्रकरण में अब तक विधायक की गिरफ्तारी न होने पर आम आदमी पार्टी ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को मल्लीताल के पंत पार्क में एकत्रित होकर कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। इस बीच उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नैनीताल विधानसभा प्रभारी प्रदीप दुम्का ने कहा कि जिस तरह से उत्तराखंड को गाली देने वाले विधायक प्रणव चौंपियन को गले लगाकर वापसी कराई है वो सरासर उत्तराखण्ड वासियों के साथ अन्याय है, उनका अपमान है। उत्तराखण्ड के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने वाले विधायक को तुरंत पार्टी से बाहर करें। अन्यथा हमारा विरोध प्रदर्शन और विकराल रूप ले सकता है। वहीं नगर अध्यक्ष शाकिर अली ने विधायक प्रकरण पर बोलते हुये कहा कि सत्ताधारी पार्टी ने सत्ता का दुरूपयोग करते हुये कानून को भी अपने हाथ में ले लिया है न ही विधायक कि गिरफ्तारी हो रही है न ही विधायक को पार्टी से बर्खास्त किया जा रहा है।